संपादकीय

कानून की रक्षा करने की चुनौती

सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनौती सिर्फ कानून की व्याख्या करने की नहीं है। बल्कि उसके सामने कानून के राज को बेमायने कर देने की एक विशेष राजनीतिक परियोजना से कानून की रक्षा करने की चुनौती है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिना अदालत की इजाजत के बुल्डोजर से देश में किसी प्रकार के निर्माण को ढाहने पर दो हफ्तों के लिए जो रोक लगाई है, वह न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा है। वैसे सर्वोच्च न्यायालय ने रोक की इस अवधि के लिए जो दिशा-निर्देश तय किए हैं, कानून के राज में वे आम चलन का हिस्सा होते हैं। सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण कर बनाए गए अवैध निर्माणों को तोड़ना कोई नई बात नहीं है। नई बात यह है कि बुल्डोजर के जरिए संदिग्ध अभियुक्त के मकान को गिराने का चलन फैल गया है। देखा यह गया है कि संबंधित अभियुक्त अगर मुस्लिम समुदाय का हुआ, तो ऐसी कार्रवाई तुरंत की जाती है। चलन उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ और धीरे-धीरे अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इसे अपना लिया गया।

इस बात की उपेक्षा नहीं की जा सकती कि ऐसे कदमों के जरिए एक तरह का राजनीतिक संदेश भेजने की कोशिश की गई है। बुल्डोजर को ऐसा सियासी सिंबल बना लिया गया है कि अमेरिका स्थित हिंदुत्व समर्थक गुटों ने 15 अगस्त के समारोहों का आयोजन बुल्डोजर रख कर करते देख गए हैं। इधर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के समर्थक उनका उल्लेख 'बुल्डोजर बाबा' कह कर करते रहे हैं। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के सामने चुनौती सिर्फ कानून की व्याख्या करने की नहीं है। बल्कि उसके सामने कानून के राज को बेमायने कर देने की एक विशेष राजनीतिक परियोजना से कानून की रक्षा करने की चुनौती है। कोर्ट के जज इस बात से नाराज थे कि उनकी विपरीत टिप्पणियों के बावजूद नेता यह रहे हैं कि बुल्डोजर तो चलते रहेंगे।

क्या कोर्ट ऐसे नेताओं की जवाबदेही तय कर सकने की स्थिति में है? क्या वह उसकी टिप्पणियों, आदेश और दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों को अदालत की अवमानना का दोषी ठहरा कर ऐसी सजा देने को तत्पर है, जो दूसरों के लिए मिसाल बने? दरअसल, 'बुल्डोजर राज' पर न्यायिक हस्तक्षेप बहुत देर से हुआ है। अब तक ये बीमारी बहुत गहरे फैल चुकी है। आरंभ में ही न्यायपालिका ने इसे रोक दिया होता, तो बात यहां तक पहुंचती ही नहीं।

राहुल वापसी करेंगे, हमारी भूमिका उन्हें समर्थन देना है: अभिषेक नायर

कानपुर

भारतीय टीम कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट की तैयारी कर रही है, ऐसे में सभी की निगाहें केएल राहुल पर हैं, जो लंबे समय तक चोटिल रहने के बाद लाल गेंद के क्रिकेट में अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 35 के आसपास औसत और लगातार खराब प्रदर्शन के साथ, राहुल के हालिया फॉर्म ने टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

हालांकि, भारतीय बल्लेबाजी कोच अभिषेक नायर अनुभवी बल्लेबाज के फॉर्म में लौटने को लेकर आशावादी हैं। नायर ने महत्वपूर्ण दूसरे टेस्ट से पहले बोलते हुए राहुल की हालिया चुनौतियों को स्वीकार किया, लेकिन कठिन दौर में खिलाड़ियों का समर्थन करने के महत्व पर जोर दिया।

नायर ने गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हम सभी जानते हैं कि राहुल किस तरह के खिलाड़ी हैं। उनके पास अनुभव और प्रतिभा है, लेकिन हर क्रिकेटर ऐसे दौर से गुजरता है, जब चीजें ठीक नहीं होतीं। ऐसे समय में कोचिंग टीम के रूप में हमारी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है - उन्हें आगे बढने में मदद करना, फिर से वह चमक पाना।

राहुल ने दुलीप ट्रॉफी की अपनी एकमात्र पारी में शुरुआती सत्र में 111 गेंदों पर 37 रन बनाए। महत्वपूर्ण मौकों पर निर्णायकता की कमी और आक्रामक स्ट्रोक का उपयोग करने की अनिच्छा के कारण उनकी आलोचना की गई। स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाने में उनकी हिचकिचाहट पर लोगों ने सवाल उठाए। दूसरी पारी में 121 गेंदों पर 57 रन की उनकी पारी आंशिक रूप से उनके प्रदर्शन में सुधार थी, क्योंकि उनकी मुख्य जिम्मेदारी बल्लेबाजी के पतन के बीच विकेट को संभाले रखना था; चुनौतीपूर्ण 276 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक होने की कोशिश में अपना विकेट खोना विनाशकारी होता।

जब आप भारत के लिए खेल रहे होते हैं, तो प्रेरणा की ज़रूरत नहीं होती। कभी-कभी यह सिफर् दिशा की बात होती है और मुझे लगता है कि केएल ने पिछले कुछ दिनों में उनके साथ थोड़ा समय बिताया है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। हाँ, कई बार ऐसा होता है जब कोई खिलाड़ी अपने पैर जमा लेता है। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में जब वह वहां थे, तो उन्होंने भारत के लिए शानदार पारियाँ खेली थीं।

उन्होंने कहा, इसलिए हम गौतम (गंभीर) के संयोजन से बहुत आशान्वित हैं और मैंने उनसे (चर्चा) की है कि उम्मीद है कि हम केएल में भी बदलाव ला पाएंगे। इन चीज़ों में कभी-कभी समय लगता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह से वह बल्लेबाजी कर रहे हैं, यहां तक कि पिछले मैच में भी, मुझे पता है कि हमने उन्हें दूसरी पारी में ज़्यादा मौके नहीं दिए। लेकिन जिस तरह से वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रहे थे, हम उनसे उसी तरह की क्रिकेट की उम्मीद कर रहे हैं। और मुझे पूरा यकीन है कि आगे चलकर आप उनसे उम्मीदें और प्रदर्शन देखेंगे।

गर्लफ्रेंड के कान में ब्लास्ट हुआ ईयरबड, कंपनी के रिएक्शन से दुनिया हैरान

नई दिल्ली

सैमसंग के ईयरबड्स में ब्लास्ट होने की खबर सामने आ रही है। दरअसल, एक यूजर के कान में ही इन ईयरबड्स में ब्लास्ट हो गया और सुनने की क्षमता प्रभावित हुई।

अदाना, तुर्की के एक 24 साल स्टूडेंट ने सैमसंग ईयरबड्स के साथ एक चौंकाने वाला एक्सपीरियंस शेयर किया है, जहां ईयरबड्स में कान में विस्फोट हुआ और उसकी गर्लफ्रेंड की सुनने की क्षमता चली गई। उन्होंने तुर्की सैमसंग कम्यूनिटी पर इसे शेयर किया है। बयाजित नाम के स्टूडेंट के पास समसंग एस24 अल्ट्रा फोन था। इसके साथ इस्तेमाल करने के लिए उसने सैमसंग ईयरबड्स खरीदे। अनबॉक्सिंग के बाद उन्होंने उन्हें चार्ज नहीं किया क्योंकि ईयरबड्स में लगभग 36प्रतिशत बैटरी थी। हालांकि, जब उसकी गर्लफ्रेंड ने उससे ईयरबड्स लिए तो उनमें से एक ईयरबड उसके कान में ही फट गया, जिससे उसे सुनने की क्षमता परमानेंटली डैमेज हो गई। छात्र के पास एक डॉक्टर की रिपोर्ट है जो इस चोट को कन्फर्म करती है कि यह ईयरबड में हुए ब्लास्ट के कारण हुई थी।

इस घटना के बाद उन्होंने सैमसंग से संपर्क किया। उन्हें अदाना सेमलपाशा सर्विस सेंटर में ईयरबड ले जाने के लिए कहा गया। शुरुआत में, कर्मचारी हैरान थे और माफी मांग रहे थे। लेकिन सिर्फ दो दिन बाद, सैमसंग ने उन्हें वापस बुलाया और एक रिपोर्ट में दावा किया कि ईयरबड में विस्फोट नहीं हुआ था, बल्कि वह केवल डैमेज हो गया था। उन्होंने ईयरबड्स को रिप्लेस करने की बात कही, लेकिन चोट के दावे को खारिज कर दिया और स्टूडेंट को सलाह दी कि अगर वह उनके ऑफर से नाखुश हैं तो कानूनी कार्रवाई करे। यह बयाजित के लिए चौंकाने वाला था। बयाजित ने सैमसंग को सारे डॉक्यूमेंट्स दिए जिसमें चालान, तस्वीरें और डॉक्टर की रिपोर्ट शामिल है, जो कान के सुनने की क्षमता में क्षति को ईयरबड ब्लास्ट से जोड़ती है। इसके बावजूद सैमसंग ने पूरी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया।

शेयर बाजार नए रिकॉर्ड ऊंचाई पर खुला, मारुति सुजुकी और विप्रो टॉप गेनर्स

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड-हाई पर खुला। कारोबार की शुरुआत में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश: 85,372 और 26,056 का नया ऑल-टाइम हाई रिकॉर्ड बनाया। सुबह 9:40 पर सेंसेक्स 166 अंक या 0.20 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,340 और निफ्टी 42 अंक या 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,046 पर था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 938 शेयर हरे निशान और 856 शेयर लाल निशान में थे, जो दिखाता है कि व्यापक बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 158 अंक या 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,309 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 70 अंक या 0.36 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,289 पर था। आईटी, फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और सर्विसेज इंडेक्स में तेजी थी। ऑटो, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी और इन्फ्रा इंडेक्स में दबाव के साथ कारोबार हो रहा था। सेंसेक्स पैक में मारुति सुजुकी, विप्रो, टाटा मोटर्स, नेस्ले, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और एसबीआई टॉप गेनर्स थे।

भारत में यूपी के पास हैं सर्वाधिक 75 जीआई टैग

ग्रेटर नोएडा

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में ग्रेटर नोएडा पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है, तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्ट्री और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण तेजी के साथ बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही यूपी के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। यूपी के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। यूपी का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।

इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में ओडीओपी के तहत एक तरफ जहां अलीगढ़ के तालों का स्टॉल लगा दिखाई दिया, तो दूसरी ओर बांदा के शजर पत्थर भी देखने को मिले। इन पत्थरों की सबसे खास बात यह है कि हर एक पत्थर में एक अलग-अलग चित्रकारी देखने को मिलती है और यह कुदरती होती है।

दुनियाभर में यह पत्थर सिर्फ भारत की दो नदियों केन नदी और नर्मदा में ही पाए जाते हैं। अरब देशों में इस पत्थर को हकीक और भारत में स्फटिक कहा जाता है।

अलीगढ़ के ताले के स्टॉल पर फैशनेबल और स्ट्रांग तालों की झलक देखने को मिली। जो नए डिजिटल तालों को मात देते हुए दिखाई दे रहे हैं। जीआई सर्टिफाइड इन तालों में अंग्रेजों के जमाने के ताले देखने को मिले। इसको देखकर हर कोई यही कह रहा था कि हाईटेक जमाने में ओल्ड इज गोल्ड पर विश्वास अटूट बना हुआ है।

इस इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगाए गए सभी स्टॉल पर मौजूद व्यापारियों को काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। व्यापारियों का मानना है कि आने वाले दिनों में उनके व्यापार को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा मिलेगा और देश-विदेश में भी उत्तर प्रदेश के हर एक जिले के ओडीओपी प्रोडक्ट को सराहा जाएगा।

टेस्ट मैच के एक ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी

नईदिल्ली

टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है, जिसमें किसी भी खिलाड़ी के लिए रन बनाना बेहद मुश्किल होता है। हालांकि, अब क्रिकेट के इस प्रारूप में भी तेजी से रन बनते हैं।कई ऐसे गेंदबाज भी हैं जो टेस्ट में अपनी बल्लेबाजी से कमाल दिखाते हैं। इस प्रारूप में 1 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला शीर्ष खिलाड़ी एक गेंदबाज ही है।ऐसे में आइए 1 ओवर में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ियों पर नजर डालते हैं।

अपनी तेज गेंदबाजी से दुनिया भर के बल्लेबाजों को परेशान करने वाले जसप्रीत बुमराह इस सूची में पहले स्थान पर हैं।उन्होंने साल 2022 में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट मैच में 35 रन जड़ दिए थे।उस ओवर में बुमराह के बल्ले से 2 छक्के निकले थे। इसके अलावा उस ओवर में 5 चौके भी लगे थे। 1 चौका नो बॉल और 1 वाइड गेंद पर आया था।

सूची में दूसरे स्थान पर संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा हैं। उन्होंने साल 2003 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 1 ओवर में 28 रन जड़ दिए थे।रॉबिन पीटरसन के खिलाफ लारा ने 4 चौके और 2 छक्के लगाए थे।उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज बेली ने जेम्स एंडरसन के खिलाफ साल 2013 में 28 रन बनाए थे। केशव महाराज ने 2019 में जो रूट के 1 ओवर में 28 रन जड़ दिए थे।

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी शाहिद अफरीदी ने साल 2005 में हरभजन सिंह के 1 ओवर में 27 रन बना दिए थे। इस ओवर में पहले उन्होंने लगातार 4 छक्के लगाए थे।ओवर की अगली 2 गेंदों पर उन्होंने 2 और 1 रन बनाए थे।हैरी ब्रुक ने साल 2022 में जाहिद महमूद के खिलाफ रावलपिंडी में खेले गए टेस्ट मैच में 27 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 2 छक्के और 3 चौके निकले थे।

क्रेग मैकमिलन, लारा, मिचेल जॉनसन, ब्रेडन मैकुलम और हार्दिक पांड्या ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट के 1 ओवर में 26 रन बनाए हैं।मैकमिलन ने साल 2000 में यूनुस खान के खिलाफ यह कारनामा किया था। लारा ने दानिश कनेरिया के खिलाफ ये ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी।जॉनसन ने पॉल हैरिस के खिलाफ 1 ओवर में 26 रन जड़ दिए थे। मैकुलम ने सुरंगा लकमल और हार्दिक ने मलिंडा पुष्पकुमारा के खिलाफ ये रन बनाए थे।

दूसरा टेस्ट: दिनेश चांदीमल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ लगाया अपना पहला शतक

नईदिल्ली

श्रीलंका क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज दिनेश चांदीमल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बेहतरीन शतक लगाया है।यह उनके टेस्ट करियर का कुल 16वां और कीवी टीम के खिलाफ पहला शतक है।इस बीच उन्होंने दिमुथ करुणारत्ने के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की और टीम को संकट से निकालने का प्रयास किया।आइए उनकी पारी और आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने जब सिर्फ 2 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट खोया, तब चांदीमल क्रीज पर आए थे।गॉल क्रिकेट स्टेडियम में चांदीमल ने विपक्षी गेंदबाजों के खिलाफ डटकर बल्लेबाजी की।उन्हें दूसरे छोर से करुणारत्ने (46) का अच्छा साथ मिला और इस जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े।उम्दा बल्लेबाजी कर रहे चांदीमल ने पहले दिन के दूसरे सत्र के दौरान अपनी पारी को शतक में तब्दील किया।

चांदीमल ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के विरुद्ध अब तक 9 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 16 पारियों में 700 से अधिक रन बनाए हैं।इस टीम के खिलाफ वह 1 शतक के अलावा 6 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। मौजूदा सीरीज के पहले टेस्ट में उन्होंने 30 और 61 रन के स्कोर किए थे।उन्होंने अब तक कुल 11 टीमों के खिलाफ टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 9 टीमों के खिलाफ शतक लगाए हैं।

चांदीमल अब टेस्ट क्रिकेट में श्रीलंका के लिए संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं।उन्होंने शतकों के मामले में एंजेलो मैथ्यूज, करुणारत्ने, मार्वन अटापट्टू और तिलकरत्ने दिलशान की बराबरी की है। इस सूची में दिग्गज कुमार संगकारा (38), महेला जयवर्धने (34) और अरविंदा डी सिल्वा (20) ही उनसे आगे हैं।यह श्रीलंका में चांदीमल के बल्ले से निकलने वाला 10वां टेस्ट शतक है।

आज का राशिफल

मेष: आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई-बहन के साथ आपके संबंध बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होगा। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा।

वृष: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बना सकते हैं। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी की वजह से आप अपना नुकसान कर बैठते हैं।

मिथुन: आज पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आज घर-परिवार तथा संबंधियों के साथ खुशनुमा समय व्यतीत होगा। आपका बोलचाल का लहजा दूसरों को प्रभावित कर देता है।

कर्क: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पैसों का लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला-जुला रहेगा। किसी व्यक्तिगत समस्या का असर आपकी नींद और सुकून पर पड़ेगा।

कन्या: आज आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। गणेश जी की कृपा आप पर बनी रहेगी। किसी पर भरोसा न रखें और खुद के फैसलों को ही सबसे उपर रखें।

तुला: आज पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। कुछ विशिष्ट लोगों से संपर्क बनेंगे तथा आपकी विचार शैली में भी उचित परिवर्तन आएगा।

वृश्चिक: आज ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। आज आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करना चाहिए।

धनु: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे 7 बेहतर होगा कि आज किसी के साथ भी वाद-विवाद तथा बहस जैसे मामले में ना उलझे।

मकर: आज आपका दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। आज संबंधों के बीच चल रहे गिले-शिकवे दूर होंगे।

कुंभ: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ हंसी ख़ुशी के पल बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आज आप नजदीकी मित्रों व संबंधियों के साथ संबंधों को मधुर बनाकर रखेंगे।

मीन: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है। आपका दाम्पत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा। आज दिन कुछ मिले-जुले प्रभाव वाला रहेगा।

आयुष्मान खुराना-पश्मीना का नया गरबा सॉन्ग जचदी का टीजर आउट, थिरकने पर मजबूर कर देगी गाने का बीट

आयुष्मान-खुराना पश्मीना रोशन इस साल नवरात्रि पर धमाल मचाने के लिए तैयार है, क्योंकि यह जोड़ी एक दमदार बीट के साथ एक नया गरबा सॉन्ग लेकर आ रही हैं. मेकर्स ने गाने का टीजर जारी किया है. पूरा गाना 27 सितंबर को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.

बुधवार को आयुष्मान खुराना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर अपना नया गरबा सॉन्ग जचदी का टीजर शेयर किया है और कैप्शन में लिखा है, जचदी जल्द ही रिलीज होने वाला है, लेकिन यहां उस पागलपन की एक झलक है जो स्टोर में है. यह ट्रैक 27 सितंबर को रिलीज होगा.

टीजर की शुरुआत आयुष्मान खुराना से होती है, जो गरबा के लिए पूरी तैयारी के साथ डांस करने पहुंचते हैं. इसके बाद पश्मीना की झलक दिखाई गई है, जो गुजराती ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. आयुष्मान और पश्मीरा शानदार डांस स्टेप करते हैं. गाने की धून की बात करें तो इसका बीट काफी दमदार है, जो लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देगी.

आयुष्मान खुराना और पश्मीना रोशन के गरबा सॉन्ग जचदी का कलरफुल पोस्टर जारी हुआ था. एक्टर ने इसे साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, आ रहा हूं लेके जचदी इस नवरात्रि को और एलआईटी बनाएं जिसमें शानदार पश्मीना रोशन शामिल है, यह ट्रैक 27 सितंबर को रिलीज होगा.

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो से शानदार वापसी करेंगी मल्लिका शेरावत

अभिनेत्री मल्लिका शेरावत पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनके साथ इस फिल्म में तृप्ति डिमरी और राजकुमार राव भी नजर आएंगे।मल्लिका इस फिल्म के जरिए लंबे अंतराल के बाद पर्दे पर वापसी करने जा रही हैं।ख्वाहिश, मर्डर, प्यार के साइड इफेक्ट्स और वेलकम जैसी फिल्मों नजर आ चुकीं मल्लिका का विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में बेहद अलग अवतार दिखने वाला है।

विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के निर्देशक राज शांडिल्य ने बताया कि मल्लिका फिल्म का हिस्सा कैसे बनीं।शांडिल्य ने कहा, मैंने मल्लिका को ध्यान में रखकर यह भूमिका लिखी थी।

आखिरकार आ ही गया कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 का पहला लुक, बॉक्स ऑफिस पर दिवाली धमाका बनकर आएंगे रूह बाबा

कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया-3 का पोस्टर रिलीज हो गया है। इसी साल दीवाली पर रिलीज हो रही ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार है। कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर इसका पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को पोस्ट करते हुए कार्तिक आर्यन ने लिखा, दरवाजा खुलेगा... इस दिवाली। डायरेक्टर अनीस बज्मी की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हंगामा काटने के लिए एक बार फिर तैयार है। इससे पहले इस फिल्म के 2 पार्ट सुपरहिट रहे हैं. भूल भुलैया के पहले पार्ट में अक्षय कुमार ने लीड रोल निभाया था। वहीं इसके बाद दूसरे पार्ट में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी लीड रोल में नजर आए थे। अब कार्तिक भूल भुलैया-3 के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं।

डायरेक्टर प्रियदर्शन की फिल्म भूल भुलैया 12 अक्टूबर 2007 को रिलीज हुई थी। फिल्म में अक्षय कुमार, विद्या बालन, अमीषा पटेल और शीनी अहूजा जैसे कलाकार अहम किरदारों में नजर आए थे। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। बॉक्स ऑफिस इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक 32 करोड़ रुपयों के बजट से बनी इस फिल्म ने कमाई के मामले में सभी को चौंका दिया था। फिल्म ने 82 करोड़ रुपयों से ज्यादा की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की थी। वहीं कुल 68 करोड़ रुपये भारत में कमाए थे। फिल्म ने पहले ही दिन करीब 4 करोड़ रुपयों की कमाई कर सुपरहिट का अंदाजा लगा दिया था।

वहीं भूल भुलैया का दूसरा पार्ट 2022 में रिलीज किया गया। 20 मई 2022 को रिलीज हुई भूल भुलैया-2 ने भी कमाई के मामले में कमाल कर दिया. इस फिल्म को डायरेक्टर अनीस बज्मी ने डायरेक्ट किया था। 90 करोड़ रुपयों से बनी इस फिल्म ने 263 करोड़ रुपयों की कमाई कर सभी को चौंका दिया था। अब इस फिल्म का तीसरा पार्ट भी इस साल दिवाली पर रिलीज के लिए तैयार है। मेकर्स को हर बार की तरह इस पार्ट से भी बंपर कमाई की उम्मीद है।

शब्द सामर्थ्य- 190

बाएं से दाएं :

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 189 का हल

ग	ल	त	ज्ञ			खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्ठा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा		भो	
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

सू-दोकू- 190

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.189 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6